

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शुक्रवार 27 मार्च 2026 वर्ष 02 अंक 84 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


अनमोल वचन

मेहनत की राह पर चलो तो मंज़िल खुद पास आएगी,हौसला रखो, हर मुश्किल आसान बन जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान नालंदा जिले को दी 810 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री ने 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का किया शिलान्यास

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने आज अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले का दौरा कर विभिन्न विक. ासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ–रांची रोड के भरावपर में 84.61 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फ्लाईओवर (1620 मी0) का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहारशरीफवासियों की बहुत पहले से मांग थी जो आज पूरी हो गयी। इसके निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और यहां की यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री कोसुक ग्राम स्थित कोसुक रिवर फ्रंट कार्य स्थल पर पहुंचे एवं पंचाने नदी में पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोसुक से सिपाह पुल के बीच में पंचाने नदी के तट विकास एवं पक्का सुरक्षात्मक कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना का पुनस्था. ‘पन कार्य, ग्राम लारी, मकनपुर प्रखंड–नूरसराय से ग्राम धनौली तक अधियारा नदी का तल की सफाई एवं नया आर०सी०सी० एंटी फ्लड स्लुईस गेट का निर्माण कार्य, सरमेरा प्रखंड अंतर्गत गोपालवाद जमींदारी बांध एवं धनाबॉडी जमींदारी बांध का पुनर्स्थापन कार्य, जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के अधीन बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधी कार्य, राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर का विकास कार्य, बरगाही आहर–पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य, नूरसराय के संगत के पास हो रहे जलजमाव के निवारण हेतु कार्य, ईको टूरिज्म के दृष्टिकोण से राजगीर क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण तथा जयप्रकाश उद्यान तथा वेणुवन पार्क, घोड़ा कटोरा आदि के विकास कार्य, डायनासोर पार्क सहित जिले में अन्य क्रियान्वित योजनाओं तथा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित की गई योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी काम तेज गति से पूर्ण करें।







## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश






इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 17811 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 393.50 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से काफी तरक्की कर रही हैं। हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है। आपकी कृपा से हमलोग खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप. लोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद करेगी।मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना, समग्र गव्य विकास योजना सहित अन्य योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही खेल विभाग, ऊर्जा विभाग, शिक्षा विभाग, गृह विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया और उसकी सराहना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग अच्छे से काम करें और बिहार को देश के पांच अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल कराने के लिए एकजुट होकर काम करें। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक डॉ० सुनील कुमार, विधायक श्री रूहेल रंजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, विकास आयुक्त श्री मिहिर कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जितेंद्र राणा, नालंदा जिला के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पटना में शतरंज का संग्राम: चौथे राउंड के बाद 19 खिलाड़ी शीर्ष पर

## ग्रैंडमास्टर पीटर ने दिव्यांशु को हराया, रेयान की 101 चालों की मैराथन जीत चर्चा में

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार) ।** राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में चौथे चक्र के बाद मुकाबले बेहद रा. `मांचक हो गए हैं। 25 से 29 मार्च तक चल रही इस प्रतियोगिता में चौथे राउंड की समाप्ति के बाद 19 खिलाड़ी 4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग (बिहार सरकार) एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश–विदेश के कई नामचीन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। चौथे चक्र के शीर्ष बोर्ड पर रूसी ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने बिहार के जूनियर चौंपियन दिव्यांशु कुमार सिंह को 36 चालों में पराजित किया। काले मोहरों से खेलते हुए पीटर ने फ्रेंच डिफेंस अपनाकर अपने ऊंटों का बेहतरीन उपयोग किया और एक महत्वपूर्ण मोहरा जीत लिया, जिसके बाद दिव्यांशु ने हार स्वीकार कर ली। दूसरे बोर्ड पर बिहार के रेयान मोहम्मद और उत्तर प्रदेश के शिवाय सिंह के बीच 101 चालों तक चली लंबी और रोमांचक बाजी में रेयान ने अंततः जीत दर्ज की। एंडगेम में मंत्री बनने के बाद उन्होंने अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया।



तीसरे बोर्ड पर दिल्ली के समीर चौधरी और पश्चिम बंगाल के अलेख्य मुखोपाध्याय के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। चौथे बोर्ड पर महाराष्ट्र के महेन्द्रकर इंद्रजीत ने बिहार के प्रेम कुमार को 55 चालों में पराजित किया, जिसमें निर्णायक क्षण पर उन्होंने प्रेम के घोड़े को मारकर बाजी अपने नाम कर ली। पांचवें बोर्ड पर नेपाल के फिडे मास्टर रूपेश जायसवाल ने उत्तर प्रदेश की ऐशानी पाठक को 35 चालों में हराते हुए अपनी बढ़त बनाए रखी। अन्य मुकाबलों में राम चरण और सुधांशु रंजन के बीच खेली गई बाजी ड्रॉ रही। परम्ब्रत सरकार ने शिवकोटि कबिन्द्र को, अमन बलाना ने सुभाष विपल को, कृष्णम हाजरिका ने मरियम फातिमा को तथा गुरुंग रोहित ने कुमार सुशील कुमार सिंह को पराजित किया। चौथे चक्र के बाद शीर्ष स्थान पर खिलाड़ियों की भीड़ ने प्रतियोगिता को और अधिक दिलचस्प बना दिया है और आने वाले राउंड में खिताब की दौड़ और भी कड़ी होने की संभावना है।




# नालंदा में विकास की बौछार के बीच रामनवमी पर हाई अलर्ट, डीएम-एसपी ने संभाली कमान



**केशववाणी सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** नालंदा में मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' के सफल आयोजन और रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विकास कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समृद्धि यात्रा की सफलता पर जिलेवासियों और मीडिया को बधाई देते हुए कहा कि लोगों के सहयोग और उत्साह से यह कार्यक्रम सफल हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले का भ्रमण कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी योजना के तहत 84.61 करोड़ रुपये की लागत से रांची रोड ओवरब्रिज का उद्घाटन किया गया। साथ ही 316 करोड़ रुपये की 110 योजनाओं का उद्घाटन और 494 करोड़ रुपये की 106 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। दीपनगर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में 20 प्रखंडों की 2.88 लाख से अधिक जीविका दीदियों को 476.61 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन और उद्योग से जुड़े लाभुकों को सहायता एवं उपकरण वितरित किए।

साथ ही 'नालंदा लाइव क्लासेज', सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग और ऑनलाइन शिकायत निवारण जैसी पहलों की सराहना की। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से लागू करने का निर्देश दिया है, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके। वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि 27 मार्च को रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जिलेभर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं और क्यूआरटी टीम पूरी तरह अलर्ट मोड में है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूसों के लिए लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सराहनीय घटना का उल्लेख करते हुए एसपी ने बताया कि समृद्धि यात्रा के दौरान एक महिला पुलिस पदाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्ची को सुरक्षित बचाया, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदा. धिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# रामनवमी को लेकर नालंदा में फ्लैग मार्च, प्रशासन ने दिया शांति का संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर नालंदा जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के नेतृत्व में बिहारशरीफ शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से शांति एवं भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने, असामाजिक गतिविधि करने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि सभी पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं और इन्हें आपसी सहयोग व सद्भाव के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने ला. `गों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की।वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि जिले के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अश्व पुलिस बल द्वारा लगातार गश्त की जा रही है, वहीं सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के जरिए भी निगरानी रखी जा रही है। यह फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरा, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# समृद्धि यात्रा में महिलाओं को सशक्त बनाने की बड़ी पहल नालंदा में कृषि यंत्र केंद्र के लिए मिली आर्थिक सहायता




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** समृद्धि यात्रा 2026 के तहत नालंदा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल की। इस मौके पर नूरसराय स्थित विशाल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमि. टेड को कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए 2,91,600 रुपये का डमी चेक प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण सुलभ कराना तथा खेती को अधिक प्रभावी और कम लागत वाला बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस योजना से महिलाओं की आय बढ़ेगी और स्थानीय किसानों को आधुनिक खेती के संसाधनों का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल की भी मुख्यमंत्री ने सराहना की। स्टॉल पर प्रदर्शित आधु. निक कृषि यंत्रों, तकनीकों और योजनाओं की जानकारी को उन्होंने किसानों के लिए उपयोगी बताया। वहीं, कृषि निदेशक, बिहार, पटना ने भी स्टॉल का निरीक्षण कर इसकी प्रस्तुति और उपयोगिता की प्रशंसा की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (शस्य), पटना प्रमंडल, जिला कृषि पदाधिकारी सहित कृषि विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।




# बिहार शरीफ में बाल-बाल बची मासूम, सीएम के कारकेड के सामने अचानक आई बच्ची, बड़ी अनहोनी टली

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** समृद्धि यात्रा के तहत गुरुवार को अपने गृह जिले नालंदा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले के सामने अचानक एक बच्ची के आ जाने से हड़कंप मच गया। यह घटना बिहार शरीफ के भैंसासुर मंदिर के पास उस वक्त हुई जब मुख्यमंत्री का कारकेड फ्लाईओवर का उद्घाटन करने की ओर बढ़ रहा था। गनीमत रही कि वहां तैनात महिला कां. स्टेबल ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को तुरंत सुरक्षित हटा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।



**810 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात**

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हेलीकॉप्टर नालंदा कॉलेज में लैंड हुआ। सीएम ने जिले को 810 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास शामिल है। हेलीपैड से उतरने के बाद वे अपनी कार में सवार होकर अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।

**प्रशासनिक चूक पर उठ रहे सवाल**

घटना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब सीएम का सुरक्षा घेरा (कारकेड) भैंसासुर मंदिर के समीप पहुंचा, तो अचानक एक छोटी बच्ची दौड़ती हुई सड़क के बीचों-बीच आ गई। हालांकि, वहां मुस्तैद महिला पुलिसकर्मी की सजगता ने स्थिति को संभाल लिया।हाई-प्रोफाइल समृद्धि यात्रा और सीएम की सुरक्षा के कड़े दावों के बीच, प्रतिबंधित रूट पर अचानक बच्ची का आ जाना बड़ी प्रशासनिक चूक मानी जा रही है।

**फ्लाईओवर का किया उद्घाटन**

इस मामूली व्यवधान के बाद मुख्यमंत्री का काफिला आगे बढ़ा, जहां उन्होंने नव-निर्मित फ्लाईओवर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे।




# नगरनौसा में निगरानी का बड़ा एक्शन-आशा बहाली के नाम पर घूस लेते बीसीएम रंगे हाथ गिरफ्तार, एक हफ्ते में दूसरी बड़ी कार्रवाई

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। ताजा मामले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नगरनौसा में तैनात बीसीएम मंजीत कुमार को आशा कर्मी की बहाली के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए निगरानी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीसीएम मंजीत कुमार ने बॉबी कुमारी नामक महिला से आशा कर्मी की बहाली कराने के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग की थी। इस संबंध में पीड़ित महिला ने निगरानी विभाग से शिकायत की। शिकायत के आधार पर निगरानी टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही मंजीत कुमार ने 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में लिए, टीम ने मौके पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को निगरानी विभाग अपने साथ ले गई, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई से पूरे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है और अन्य कर्मियों में भय का माहौल देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नगरनौसा प्रखंड में एक सप्ताह के अंदर निगरानी विभाग की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।



इससे पहले 20 मार्च को प्रखंड कार्यालय में तैनात बीपीआरओ को छठ घाट योजना की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर 12 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से पूरे प्रखंड में चर्चाओं का बाजार गर्म है और अधिकारियों में यह चिंता बनी हुई है कि अगला नंबर किसका होगा।




# रामनवमी को लेकर नालंदा पुलिस अलर्ट, दंगा निरोधक दल की मॉक ड्रिल से आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** रामनवमी पर्व को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देशानुसार पुलिस केंद्र नालंदा में दंगा निरोधक दल द्वारा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के उद्देश्य से व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बल के जवानों को संभावित सांप्रदायिक तनाव, भीड़ के उग्र होने तथा कानून-व्यवस्था बिगड़ने जैसी परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जवानों ने दंगा नियंत्रण के विभिन्न उपकरणों जैसे दंगा ढाल, हेलमेट, लाठी, आंसू गैस आदि के इस्तेमाल का अभ्यास किया। साथ ही, भीड़ को नियंत्रित करने, स्थिति को सामान्य करने और संवेदनशील स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया देने की रणनीतियों का भी प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के दौरान अधिकारियों ने जवानों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में संयम बनाए रखते हुए कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करें तथा आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। मॉक ड्रिल में टीम वर्क, त्वरित निर्णय क्षमता और समन्वय पर विशेष जोर दिया गया, ताकि वास्तविक परिस्थिति में किसी प्रकार की चूक न हो।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी जैसे बड़े और संवेदनशील पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्ती बढ़ाने तथा निगरानी को मजबूत करने की भी योजना बनाई गई है। इस तरह के मॉक ड्रिल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम रहे।



# महाकाली पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
## महाकाली माता के दर्शन मात्र से ही सुख की अनुभूति होती है

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** सोहसराय बबुरबन्ना–मिल्की मोड़ पर स्थित मशहूर मां महाकाली दसकंध मंदिर में चौती नवरात्र को लेकर 19 मार्च गुरुवार को कलश स्थापना के साथ प्रतिदिन विशेष–पूजा अर्चना किया जा रहा है। चौती नवरात्र को लेकर भक्तों में काफी उत्साह है। मां महाकाली दसकंध मंदिर में चौत्र नवरात्र को लेकर विशेष सुन्दर रूप से सजाया गया है। इसकी तैयारी मंदिर के संस्थापक पुजारी दिलीप धर्मदास एवं ग्रामीणों के द्वारा किया गया है। बिहारशरीफ शहर से दूर शांत वातावरण में पंचाने नदी के तट पर स्थित मां महाकाली दसकंध मंदिर में पहुंचकर लोगों को बहुत शांति मिलती है। दसकंध माता के दर्शन मात्र से ही सुख की अनुभूति होती है। श्रद्धालु जो भी मां काली से मन्नत मांगते हैं, वह पूरी होती है, यहाँ बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचते हैं। दसकंध काली मंदिर हाईवे मार्ग पर है, जिससे राहगीर यहां रुककर माता के दर्शन कर गंतव्य की ओर कूच करते हैं। देवी मंदिर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 20 पर होने के कारण अन्य प्रदेशों में भी प्रसिद्ध हैं। यह दसकंध महाकाली मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। निर्मल मन एवं श्रद्धा के साथ मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। मंदिर में स्थापित मनमोहक महाकाली की दशकंध मूर्ति आकर्षण का केन्द्र हैं। हजारों श्रद्धालु मेले में पहुंचकर मां महाकाली के दर्शन कर माता को नारियल, चुनरी, श्रृंगार व प्रसाद चढ़ाते हैं। सोहसराय सहोखर के संत दिलीप धर्मदास ने कई प्रदेशों में मंदिर का निर्माण कराया है। बिहारशरीफ शहर में भी तीन मंदिर का निर्माण करवाया है। जिनमें सोहसराय के बंधुबाजार में दुर्गा मंदिर, सोहसराय योग पार्क के पास दुर्गा और हनुमान मंदिर तथा बबुरबन्ना–मिल्की मोड़ पर आकर्षक दसकंध महाकाली मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर के पुजारी संत दिलीप धर्मदास ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी चौत्र नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में मशहूर इस मंदिर में दसकंध महाकाली की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।



साथ ही माता महाकाली को सप्तमी, अष्टमी और महानवमी को महाभोग लगाया जाता है। प्रतिदिन सुबह और संध्या सात बजे आरती और पुष्पांजलि किया जाता है। शारदीय व चौत्र नवरात्र में यहां भारी संख्या में भक्तगण शामिल होते हैं। मंदिर में शहर के साथ–साथ दूरदराज से श्रद्धालु यहां पूजा करने पहुंचते हैं। माता महाकाली दसकंध की विशेष पूजा के अवसर पर शंखनाद साहित्यिक मंडली के महासचिव साहित्यकार राकेश बिहारी शर्मा ने बताया कि यह सनातनी कैलेंडर का त्यौहार चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को विशेष तौर पर मनाया जाता है। सनातनी धर्मशास्त्रों में इस बात का जिक्र है कि इस दिन मर्यादा–पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। हर साल चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक त्रेतायुग में दशकंध रावण का वध करने तथा धर्म की पुनरू स्थापना करने के लिये भगवान विष्णु ने भूलोक में श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। श्रीरामचन्द्र का जन्म चौत्र शुक्ल की नवमी तिथि के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, अयोध्या में राजा दशरथ के घर में हुआ था। इसी उमंग में राम नवमी के दिन राष्ट्र भर में राम जन्मोत्सव का त्योहार रामनवमी मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बबुरबन्ना–मिल्की मोड़ पर महाकाली की प्रत्येक वर्ष धूमधाम से महाकाली के भक्तों द्वारा पूजा संपन्न किया जाता है। पूजा में ग्राम वासियों का सहयोग रहता है। लोगों ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर विभिन्न प्रकार के दान मंदिर में चढ़ाते हैं। साथ ही भक्त लोग मन्नत भी मांगते हैं। इस महाकाली की विशेष पूजा के अवसर पर मुख्य रुप से शंखनाद के महासचिव राकेश बिहारी शर्मा, समाजसेवी अमर सिंह, भाई सरदार वीर सिंह, भक्त सर्वश्री वायु सेना के वारंट अफसर अरविंद कुमार गुप्ता, विजय कुमार पासवान, मनीष चंद्र राय, राजबल्लभ दास, सविता बिहारी, मुश्कान कुमारी, शक्ति सिंह, सुमित बिहारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई सम्राट अशोक जयंती, उनके आदर्शों पर चलने का लिया गया संकल्प

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट ' बिहार शरीफ (नालंदा)।** शहर के आनंद मार्ग ब्लॉक चौक पर अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जन्म लगभग 304 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र (वर्तमान पटना) में हुआ था। वे मौर्य वंश के राजा बिंदुसार और रानी सुभद्रांगी के पुत्र तथा चंद्रगुप्त मौर्य के पौत्र थे। बचपन से ही वे सैन्य कौशल और प्रशासनिक क्षमता में निपुण थे, जिसके चलते उन्हें उज्जैन का राज्यपाल बनाया गया।उन्होंने बताया कि बिंदुसार की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार को लेकर अशोक ने अपने भाइयों से संघर्ष किया और अंततः विजयी हुए। वर्ष 261 ईसा पूर्व में हुए कलिंग युद्ध के दौरान भारी रक्तपात ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। इस घटना से व्यथित होकर उन्होंने हिंसा का मार्ग त्याग दिया और बौद्ध धम्म को अपनाया। इसके तहत उन्होंने अहिंसा, धार्मिक सहिष्णुता, बड़ों का सम्मान और सभी जीवों के प्रति दया जैसे मूल्यों को अपनाया।



सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए अपने पुत्र महेंद्र और पुत्री संघमित्रा को श्रीलंका भेजा। उनके शासनकाल में देशभर में स्तूप, विहार, शिलालेख एवं स्तंभों का निर्माण कराया गया। साथ ही सड़कों, अस्पतालों, विश्राम गृहों और नहरों के निर्माण के माध्यम से जनकल्याण को प्राथमिकता दी गई। उनका साम्राज्य भारत के अलावा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश तक विस्तृत था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने सम्राट अशोक के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उमेश पंडित, सादिक अजहर, महेंद्र प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार, अवधेश कुमार, चंदन कुमार, छोटे पंडित, सकलदेव महतो, कपिल पासवान, प्रकाश कुमार, शिव शंकर पासवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



# नाबालिग लड़की से हुई सामूहिक दुष्कर्म मामले में न्याय नहीं मिलने पर सैकड़ों लोगों ने वेना थाना किया घेराव

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट वेना(नालंदा)।** वेना थाना क्षेत्र के कचरा गांव में नाबालिग लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामला में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर भीम आर्मी के नेता अमर आजाद पासवान ने गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों के साथ वेना थाना के गेट पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के इंसाफ दिलाने के लिए थाना का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। घेराव के दौरान अमर आजाद पासवान ने कहा कि बिहार में दलितों और वंचितों के खिलाफ अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 22 मार्च की यह घटना प्रशासन की विफलता का प्रतीक है। अगर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के माध्यम से फांसी की सजा नहीं दी गई तो यह आंदोलन नालंदा से निकलकर पूरे प्रदेश में फैलेगा। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए। इस तरह प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर डटे रहे वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने प्रदर्शनकारियों को समझाया बुझाया। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल, नूरसराय अंचल निरीक्षक मनीष भारद्वाज वेना थाना पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात कर समझाया। सदर डीएसपी 2 ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी जिसको लेकर छापामारी जारी। हालांकि इस घटना में शामिल एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। शेष अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर अमर आज़ाद पासवान, सुबोध पासवान, प्रेम पासवान, रजनीश पासवान, नरेश पासवान, बलराम पासवान, रंजीत पासवान, धर्मपाल पासवान, साजन पासवान, अस्मित पासवान, सोनू पासवान,मुन्ना पासवान सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# दैली गांव स्थित देवी स्थान मंदिर में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ समाप्त

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के नेहुसा पंचायत अंतर्गत दैली गांव में चले आ रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन गुरुवार को समाप्त हो गया। अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर को रंग–बिरंगे लाइट एवं फूल मालाओं से सजा दिया गया था। अखंड कीर्तन का आयोजन होने से गांव में भक्ति मय का वातावरण बना रहा। हरे राम हरे कृष्ण के जय घोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से देवी स्थान मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया।अखंड कीर्तन में शामिल होने के लिए आसपास के गांव से कई कीर्तन मंडली को भी बुलाया गया था। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। वही ग्रामीण व कार्यकर्ता लक्ष्मण कुमार ने बताया कि देवी मां की महिमा अपरंपार है। सच्चे दिल से मांगे हुए सभी श्रद्धालुओं का मनोकामना पूरी करते हैं। इसी वजह से प्रत्येक साल यहां पर अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रविकांत शर्मा, डॉ अजीत कुमार, सुजीत कुमार, मनजीत कुमार, एवं रणजीत सिंह, मणि भूषण शर्मा, अविनाश कुमार ,बृजनंदन शर्मा, अनिल सिंह ,शशि भूषण शर्मा, विकास कुमार एवं समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग रहा।

# नालंदा में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं, अफवाहों से बचें–डीएम



**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट (नालंदा)।** नालंदा जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कमी को लेकर फैली अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और नियमित आपूर्ति जारी है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि जिले में प्रतिदिन औसत खपत के अनुरूप एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा रिफिलिंग के लिए किए गए आवेदनों के आधार पर उन्हें समय पर सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीनों तेल विपणन कंपनियों की 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से रोजाना करीब 16,273 सिलिंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। डीएम ने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और सजग रहें। उन्होंने बताया कि एलपीजी बुकिंग या अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर– 06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कमी की अफवाहों को देखते हुए नियमित रूप से गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी की आशंका को लेकर लगातार छापेमारी भी की जा रही है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

